# केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार

**प्रेस नोट दिनाँक 17.07.2025**

**संदर्भ : विज्ञापन संख्या 02/2025 (बिहार पुलिस में 'चालक सिपाही' पद हेतु)**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) को सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के माध्यम से बिहार पुलिस मुख्यालय से बिहार पुलिस एवं बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस में 'चालक सिपाही' के रिक्त 4,361 (चार हजार तीन सौ इकसठ) पदों (वेतनमान लेवल–3 [21,700 — 69,100] ) पर चयन हेतु अधियाचना प्राप्त है, जिनका विवरण निम्नवत है –

| क्र0 सं0 | आरक्षण कोटि | पदों की सँख्या | बिहार की मूल निवासी महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण | बिहार के मूल निवासी स्वतंत्रता सेनानी के आश्रित (FFW) के लिए क्षैतिज आरक्षण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | गैर आरक्षित (UR) | 1772 | 620 | 87 |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | 436 | 153 | |
| 3 | अनुसूचित जाति (SC) | 632 | 221 | |
| 4 | अनुसूचित जनजाति (ST) | 24 | 08 | |
| 5 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC) | 757 | 265 | |
| 6 | पिछड़ा वर्ग (BC) (09 ट्रांसजेन्डर सहित) | 492 | 172 | |
| 7 | पिछड़े वर्गों की महिलाएं (BCW) | 248 | – | |
| | **योग –** | **4361** | **1439** | **87** |

- स्तम्भ 4 एवं 5 की संख्या स्तम्भ 3 में सम्मिलित है।

2. अधियाचना के आलोक में पर्षद द्वारा विज्ञापन संख्या 02/2025 आज दिनाँक 17.07. 2025 को जारी किया गया है। इच्छुक व्यक्ति विशेष जानकारी पर्षद के अधिकृत वेबसाइट https://csbc.bihar.gov.in पर विजिट कर देख सकते है।

3. ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व विज्ञापन में प्रकाशित सभी आवश्यक निर्देशों का भली–भाँति अध्ययन कर लें, ताकि अभ्यर्थियों को आवेदन भरने में कोई कठिनाई न हो । ऑनलाइन आवेदन पत्र में गलत या अपूर्ण सूचनाएँ अंकित करने पर आवेदन–पत्र अस्वीकृत हो सकता है। ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथियाँ निम्नांकित है :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रारम्भ तिथि | 21.07.2025 |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि | 20.08.2025 |

4. इस विज्ञापन से सम्बन्धित **पाठ्यक्रम** को पर्षद की वेबसाइट https://csbc.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है तथा डाउनलोड किया जा सकता है।

5. अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे विज्ञापन को सावधानीपूर्वक पूर्ण रूप से पढ़ें। विज्ञापन में दिए गए प्रावधानों, नियम, शर्तों एवं दिशा–निर्देशों का सावधानीपूर्वक भली–भाँति अध्ययन करें।

6. अभ्यर्थी विशेष रूप से आरक्षण के प्रावधानों, उनसे संबंधित प्रमाण–पत्रों (वैधता अवधि/ निर्गम तिथि आदि) एवं विभिन्न कट–ऑफ तिथियों का भली–भाँति अध्ययन कर लें और सुनिश्चित कर लें कि उनके पास आवश्यक प्रमाण पत्र आवेदन फॉर्म भरने के समय उपलब्ध है, ताकि उन्हें किसी समस्या का सामना न करना पड़े। आरक्षण कोटि आदि के सम्बन्ध में पूर्ण रूप से आश्वस्त हो कर ही आवेदन को अंतिम रूप से समर्पित करें।

7. अभ्यर्थियों को सुझाव दिया जाता है कि वे चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों से सम्बन्धित तैयारियाँ अभी से प्रारम्भ कर दें और लिखित परीक्षा या शारीरिक दक्षता परीक्षा आदि की तिथियों के प्रकाशन की प्रतीक्षा न करें।

**X-----------------X**